दैनिक जागरण 12/05/2023

# कालेज में विद्यार्थियों ने सुना पीएम का संबोधन

अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज अंबाला कैंट ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी, नवाचार और उद्यमिता के क्षेत्र में भारत की तेज गति से प्रगति को चिह्नित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन का प्रसारण वीरवार को किया। कालेज ने वेबकास्ट लिंक साझा किया और इस कार्यक्रम को देखने की व्यवस्था भी की। भारत में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस का एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक महत्व है। ऐसा इसलिए है क्योंकि 11 मई, 1998 को पांच में से पहला परमाणु परीक्षण किया गया था। इस वर्ष के राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस का विषय स्कूल टू स्टार्टअप्स-इग्नाइटिंग यंग माइंड्स है। संकाय सदस्यों के साथ लगभग 179 छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।